रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सीoईoएन o ०९ /२०२५ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

# CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 11/08/2026 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I 2025 |

**Q.1** **किस सेटअप से कुंडली में अधिक प्रेरित धारा उत्पन्न होने की संभावना सर्वाधिक है?**

**Ans** A). कुंडली में तार के अधिक फेरों का उपयोग करना B). चुंबक को अधिक धीमी गति से गतिमान करना C). छोटे चुंबक का उपयोग करना D). कुंडली में तार के कम फेरों का उपयोग करना

**Correct Answer: A**

**Q.2** **एक शिक्षक, विद्यार्थियों को ब्यूटेन और आइसोब्यूटेन की संरचना आरेखित करने के लिए कहता है। इन दो अणुओं के बीच मुख्य अंतर क्या है?**

**Ans** A). ब्यूटेन एक सीधी-श्रृंखला है, जबकि आइसोब्यूटेन एक शाखित-श्रृंखला समावयवी है B). आइसोब्यूटेन में ब्यूटेन की तुलना में कम कार्बन परमाणु होते हैं C). दोनों चक्रीय हाइड्रोकार्बन हैं D). ब्यूटेन में एक ऐरोमैटिक वलय होता है, जबकि आइसोब्यूटेन में नहीं होता है

**Correct Answer: A**

**Q.3** **किस भौतिक राशि को समय के सापेक्ष वेग में परिवर्तन की दर के रूप में परिभाषित किया गया है?**

**Ans** A). चाल B). तय की गई दूरी C). त्वरण D). विस्थापन

**Correct Answer: C**

**Q.4** **किसी विलयन में, कौन-सा प्रेक्षण रासायनिक परिवर्तन होने का संकेत देता है?**

**Ans** A). पदार्थों का एकसमान मिश्रण B). अवक्षेप का बनना C). केवल तापमान में वृद्धि D). ठोस का विलीन होना

**Correct Answer: B**

**Q.5** **मानव फेफड़ों में सबसे छोटी नलिकाओं के अंत में स्थित गुब्बारे जैसी छोटी संरचनाओं को क्या कहा जाता है?**

**Ans** A). श्वसनी (Bronchi) B). विल्ली (Villi) C). वायु कूपिका (Alveoli) D). श्वसनिका (Bronchioles)

**Correct Answer: C**

**Q.6** **घास स्थल के खाद्य जाल में, घास को खरगोश और कीट खाते हैं। मेंढक, कीटों को खाते हैं, जबकि लोमड़ियां, खरगोशों को खाती है। यदि कीटों की संख्या में तीव्र गिरावट आती है, तो सबसे संभावित प्रभाव क्या हो सकता है?**

**Ans** A). लोमड़ियों की संख्या तीव्रता से बढ़ेगी B). घास समष्टि नष्ट हो जाएगी C). खरगोशों की संख्या में ह्रास होगा D). मेंढकों की संख्या एकाएक कम हो जाएगी

**Correct Answer: D**

**Q.7** **M द्रव्यमान का एक वाहन V वेग से यात्रा करता है। यदि इसकी गतिज ऊर्जा 9 गुना बढ़ जाती है, तो इसके वेग में कितना परिवर्तन होगा?**

**Ans** A). वेग नौ गुना बढ़ जाता है B). वेग चार गुना हो जाता है C). वेग तीन गुना हो जाता है D). वेग दोगुना हो जाता है

**Correct Answer: C**

**Q.8** **गति के प्रथम नियम के अनुसार, यदि किसी चिकने, क्षैतिज पृष्ठ पर लुढ़कती हुई गेंद पर कोई बाह्य बल कार्य नहीं कर रहा है, तो उस पर क्या प्रभाव पड़ेगा?**

Ans A). गेंद स्वतः अपनी दिशा बदल लेगी। B). गेंद समान दिशा में नियत गति पर लुढ़कती रहेगी। C). गेंद धीरे-धीरे धीमी हो जाएगी और अपने आप रुक जाएगी। D). गेंद अपने आप तेज हो जाएगी।

Correct Answer: B

**Q.9** **थॉमसन का मॉडल __________ की व्याख्या नहीं कर सका।**

Ans A). इलेक्ट्रॉन की उपस्थिति B). परमाणु की उदासीनता C). परमाणु के द्रव्यमान D). रदरफोर्ड के प्रयोग के परिणाम

Correct Answer: D

**Q.10** **10 ओम प्रतिरोध का एक तार 12 V की बैटरी से संयोजित है। यदि इसके समान ही एक अन्य तार को पहले तार के समांतर क्रम में संयोजित किया जाए, तो दोनों तारों द्वारा मिलकर उपभुक्त कुल शक्ति कितनी होगी?**

Ans A). 1.44 W B). 14.4 W C). 120 W D). 28.8 W

Correct Answer: D

**Q.11** **प्रिज्म के संदर्भ में, आपतित और निर्गत किरण के बीच के कोण को क्या कहा जाता है?**

Ans A). विचलन कोण B). निर्गमन कोण C). अपवर्तन कोण D). आपतन कोण

Correct Answer: A

**Q.12** **एक उत्तल लेंस बिंब (वस्तु) से तीन गुना बड़ा एक वास्तविक, उल्टा प्रतिबिंब बनाता है। यदि वस्तु को लेंस से 30 cm की दूरी पर रखा जाए, तो लेंस की क्षमता का निकटतम अनुमानित मान क्या होगा?**

Ans A). +1 D B). +4.44 D C). +3.2 D D). +2 D

Correct Answer: B

**Q.13** **निम्नलिखित में से कौन-सी धातु वायु में गर्म करने पर अपने पृष्ठ पर रक्षी ऑक्साइड परत बनाती है, जो आगे ऑक्सीकरण को रोकती है?**

Ans A). कॉपर B). सोडियम C). आयरन D). एल्यूमीनियम

Correct Answer: D

**Q.14** **विभिन्न अम्लों के रासायनिक गुण समान होते हैं क्योंकि वे सभी जलीय विलयन में निम्नलिखित में से कौन-से आयन उत्पन्न करते हैं?**

Ans A). हाइड्रॉक्साइड आयन B). क्लोरीन आयन C). सोडियम आयन D). हाइड्रोजन आयन

Correct Answer: D

**Q.15** **कोई फिजीशियन एक पहाड़ी गांव में यह देखता है कि पर्वत की तलहटी के निकट मौजूद बेडरूम, रात्रि में अधिक ठंडे महसूस होते हैं। कौन-सी वायुमंडलीय प्रक्रिया इस प्रेक्षण को सर्वोत्तम रूप से स्पष्ट करती है?**

Ans A). शीतल वायु का पर्वत समीर के रूप में अवरोहण B). शीतल वायु का स्थलीय समीर के रूप में संचलन C). आर्द्र वायु का समुद्री समीर के रूप में प्रवाह D). गर्म वायु का घाटी समीर के रूप में ऊपर उठना

Correct Answer: A

**Q.16** **यदि कोई वाद्ययंत्र 200 Hz की आवृत्ति वाली ध्वनि उत्पन्न करता है, तो निम्नलिखित में से किस आवृत्ति के कारण इस वाद्ययंत्र की तुलना में उच्चतर तारत्व वाली ध्वनि उत्पन्न होगी?**

Ans A). 150 Hz B). 180 Hz C). 350 Hz D). 120 Hz

Correct Answer: C

**Q.17** **अपमार्जकों की निर्मलन क्रिया (cleaning action) __________ में अत्यधिक प्रभावी होती है।**

Ans A). अत्यधिक अम्लीय माध्यम B). क्षारीय माध्यम C). अम्लीय माध्यम D). उदासीन माध्यम

Correct Answer: B

**Q.18** **तत्वों के परमाणु इस प्रकार अभिक्रिया करेंगे कि बाह्यतम कोश में ______________ विन्यास प्राप्त हो जाए।**

Ans A). अष्टक B). सप्तक C). युग्मक D). त्रिक

Correct Answer: A

**Q.19** **पारिस्थितिकी तंत्र में ऊर्जा प्रवाह के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

Ans A). पारिस्थितिकी तंत्र में अधिकांश ऊर्जा जैवभार निर्माण के लिए उपयोग होती है B). पारिस्थितिकी तंत्र में ऊर्जा प्रवाह एक दिशीय होता है C). पारिस्थितिकी तंत्र में ऊर्जा स्थिर रहती है D). पारिस्थितिकी तंत्र में अपघटकों द्वारा ऊर्जा का पुनर्चक्रण किया जाता है

Correct Answer: B

**Q.20** **एक महिला IVF से गुजरती है और निषेचित अंडे को उसके गर्भाशय में प्रत्यारोपित किया जाता है। इस परिदृश्य में, निम्न में से कौन-सा उसकी गर्भावस्था की नैदानिक शुरुआत को चिह्नित करता है?**

Ans A). अंडे का प्राकृतिक अंडोत्सर्ग B). निषेचित अंडे का प्रत्यारोपण C). युग्मनज का प्रारंभिक विभाजन D). प्रयोगशाला में मैन्युअल निषेचन

Correct Answer: B

**Q.21** **निम्नलिखित में से कौन-सी राशि उस कारक को इंगित करती है जिसके द्वारा सरल मशीन अनुप्रयुक्त बल को कई गुना बढ़ाती है?**

**Ans** A). वेग अनुपात B). इनपुट कार्य C). यांत्रिक लाभ D). दक्षता

**Correct Answer: C**

**Q.22** **निम्नलिखित में से कौन-सा प्रेक्षण, धातु के संक्षारण को सही ढंग से दर्शाता है?**

**Ans** A). आयरन पर लाल-भूरे रंग की पृष्ठ परत बन जाती है B). कॉपर के तार का अत्यधिक तापन करने पर पिघल जाता है C). चांदी जल में पूरी तरह घुल जाती है D). ऐलुमिनियम यांत्रिक लोड के कारण टूट जाता है

**Correct Answer: A**

**Q.23** **मनुष्यों में, कौन-सी जनन कोशिका में एक पूंछ (tail) होती है जो उसे अंडे की ओर तैरने में सहायता करती**

**Ans** A). युग्मज B). अंडा C). भ्रूण D). शुक्राणु

**Correct Answer: D**

**Q.24** **संचलन (movement) के दौरान पादप कोशिकाओं की आकृति में परिवर्तन का क्या कारण है?**

**Ans** A). विशेष प्रोटीन (Special proteins) B). प्रकाश ऊर्जा (Light energy) C). तापमान (Temperature) D). जलांश (Water content)

**Correct Answer: D**

**Q.25** **वर्गीकरण प्रणालियों की समीक्षा करते समय, एक जीव विज्ञानी, द्विजगत वर्गीकरण पद्धति (two-kingdom system) में अमीबा को रखने में असमंजस महसूस करता है। किस प्रमुख लक्षण के कारण यह असमंजस उत्पन्न हुआ?**

**Ans** A). अमीबा में एक वास्तविक केंद्रक होता है और यह स्वपोषी होता है B). अमीबा एककोशिकीय होता है, गतिमान होता है और परपोषी होता है C). अमीबा में कोशिका भित्ति नहीं होती और यह स्थिर रहता है D). अमीबा, प्रकाशसंश्लेषी और बहुकोशिकीय होता है

**Correct Answer: B**

**Q.26** **किसी कर्मचारी का वेतन ₹50,000 से घटकर ₹45,000 हो गया। वेतन में प्रतिशत कमी ज्ञात कीजिए।**

**Ans** A). 10% B). 12% C). 15% D). 8%

**Correct Answer: A**

**Q.27** **7 अंकों की संख्या 39A122B, 3 से विभाज्य है। (A + B) का न्यूनतम मान क्या है?**

**Ans** A). 6 B). 3 C). 2 D). 1

**Correct Answer: D**

**Q.28** **एक सर्वेक्षण में, 4 लोगों ने किसी उत्पाद को 5 की रेटिंग दी और 6 लोगों ने इसे 3 की रेटिंग दी। इसकी भारित औसत रेटिंग कितनी होगी?**

**Ans** A). 4.2 B). 3.8 C). 4.0 D). 3.5

**Correct Answer: B**

**Q.29** **किसी दुकान में एक दिन में बेचे जाने वाले थैलों के साइज निम्नानुसार है।**

**10, 4, 6, 8, 7, 4, 8, 2, 9, 5, 4, 6, 9**

**आंकड़ों का बहुलक ज्ञात कीजिए।**

**Ans** A). 2 B). 4 C). 1 D). 5

**Correct Answer: B**

**Q.30** **एक बस 60 kmph की औसत चाल से समय पर अपने गंतव्य तक पहुँचती है। यदि वह 55 kmph की औसत चाल से चलती है, तो वह 10 मिनट विलंबित हो जाती है। यात्रा की कुल दूरी ज्ञात कीजिए।**

**Ans** A). 120 km B). 100 km C). 70 km D). 110 km

**Correct Answer: D**

**Q.31** **त्रिभुज ABC में, ∠A = 30°, ∠B = 60° और ∠C = 90° है। त्रिभुज DEF में, ∠D = 30°, ∠E = 60° और ∠F = 90° है। यदि AB:DE = 2:3 है, तो दोनों त्रिभुजों के क्षेत्रफलों का अनुपात कितना है?**

**Ans** A). 3:5 B). 2:1 C). 1:2 D). 4:9

**Correct Answer: D**

**Q.32** **चार दुकानों I, II, III और IV पर एक कुकर का अंकित मूल्य बराबर है।**
**दुकान I कुकर के अंकित मूल्य पर 90% और 61% की दो क्रमिक छूट प्रदान करती है, दुकान II कुकर के अंकित मूल्य पर 15% और 98% की दो क्रमिक छूट प्रदान करती है, दुकान III कुकर के अंकित मूल्य पर 28% और 99% की दो क्रमिक छूट प्रदान करती है, और दुकान IV कुकर के अंकित मूल्य पर 91%, 37%, और 95% की क्रमिक छूट प्रदान करती है।**
**कौन-सी दुकान कुकर को न्यूनतम मूल्य पर बेच रही है?**

**Ans** A). IV B). I C). III D). II

**Correct Answer: A**

**Q.33** यदि 16 cm व्यास वाले एक बड़े गोले से 64 समरूप छोटे गोले बनाए जाते हैं, तो प्रत्येक छोटे गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल कितना होगा?

Ans A). $2\pi cm^2$ B). $12\pi cm^2$ C). $14\pi cm^2$ D). $16\pi cm^2$

Correct Answer: D

**Q.34** चार संख्याएँ a, b, c, d समानुपात में हैं। यदि a = 32, b = 72 और c = 180 है, तो d का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 405 B). 410 C). 415 D). 400

Correct Answer: A

**Q.35** किसी व्यक्ति को यह पता चलता है कि किसी निश्चित धनराशि पर 5% वार्षिक दर से तीन वर्षों में प्राप्त चक्रवृद्धि ब्याज, साधारण ब्याज से ₹61 अधिक है। वह धनराशि ज्ञात कीजिए।

Ans A). ₹7,890 B). ₹8,200 C). ₹8,000 D). ₹9,400

Correct Answer: C

**Q.36** कृष के पास ₹1681 की धनराशि है। उन्होंने इस धनराशि को अपने दो पुत्रों, वीर और नितिन के बीच बांट दिया तथा उन्हें वार्षिक रूप से संयोजित होने वाले 5% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज पर निवेश करने को कहा। देखा गया कि वीर और नितिन को क्रमशः 12 और 13 वर्ष के बाद समान धनराशि प्राप्त हुई। कृष ने वीर को कितनी धनराशि (₹ में) दी थी?

Ans A). 711 B). 861 C). 920 D). 820

Correct Answer: B

**Q.37** कुछ लड्डू चार बॉक्स A, B, C और D में, 5:6:8:3 के अनुपात में पैक किए गए हैं। यदि बॉक्स C में, बॉक्स A से 225 अधिक लड्डू हैं, तो बॉक्स D में कितने लड्डू हैं?

Ans A). 275 B). 225 C). 375 D). 300

Correct Answer: B

**Q.38** यदि निम्नलिखित आंकड़ों का माध्य 46 है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

| वर्ग | 10-20 | 20-30 | 30-40 | 40-50 | 50-60 |
|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 36 | 20 | 29 | 26 | x |

Ans A). 206 B). 190 C). 210 D). 209

Correct Answer: D

**Q.39** पद्मिनी ने 10% वार्षिक साधारण ब्याज दर पर 5 वर्षों के लिए एक निश्चित राशि उधार ली। यदि 5 वर्षों के बाद चुकाई जाने वाली कुल राशि ₹24,000 है, तो मूलधन ज्ञात कीजिए।

Ans A). ₹16,000 B). ₹15,800 C). ₹17,400 D). ₹18,000

Correct Answer: A

**Q.40** रमन की आय ₹10,200 है। वह अपनी आय का 30% बचाता है। यदि उसकी आय में 14% वृद्धि होती है और व्यय में 40% वृद्धि होती है, तो उसकी बचत पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

Ans A). ₹1,428 की कमी हो जाएगी B). ₹1,427 की कमी हो जाएगी C). ₹1,429 की वृद्धि हो जाएगी D). ₹1,430 की वृद्धि हो जाएगी

Correct Answer: A

**Q.41** रमेश पहले दो घंटे, 60 km प्रति घंटे की चाल से यात्रा करता है। अगले दो घंटे वह 50 km प्रति घंटे की चाल से यात्रा करता है। पूरी यात्रा में उसकी औसत चाल (km प्रति घंटे में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 60 B). 65 C). 55 D). 50

Correct Answer: C

**Q.42** एक व्यापारी ने ₹6,000 की कुल लागत पर 10 एकसमान वस्तुएँ खरीदीं। उसने उनमें से 6 वस्तुओं को 15% लाभ पर और शेष 4 वस्तुओं को 10% हानि पर बेचा। समग्र लाभ या हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans A). 10% लाभ B). 10% हानि C). 5% लाभ D). 5% हानि

Correct Answer: C

**Q.43** 5 वर्ष पहले, एक माता की आयु, उसकी पुत्री की आयु की तीन गुनी से 12 वर्ष अधिक थी। अब से कितने वर्ष के बाद उसकी आयु, उसकी पुत्री की आयु की तीन गुनी होगी?

Ans A). 1 वर्ष B). 2 वर्ष C). 4 वर्ष D). 3 वर्ष

Correct Answer: A

**Q.44** यदि sinA + cosA = m है, तो $\sin^4A + \cos^4A$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). $1-\frac{(1-m^2)^2}{2}$ B). $1-\frac{(1-m^2)}{2}$ C). $1+\frac{(1-m^2)}{2}$ D). $1+\frac{(1-m^2)^2}{2}$

Correct Answer: A

**Q.45** A किसी कार्य को अकेले 10 दिन में पूर्ण कर सकता है और B उसे अकेले 30 दिन में पूर्ण कर सकता है। वे 6 दिन तक मिलकर कार्य करते हैं। फिर A कार्य छोड़ देता है तथा B अकेले 4 दिन और कार्य करता है, तो कार्य का कितना अंश अभी भी शेष है?

Ans A). $\frac{1}{10}$ B). $\frac{1}{5}$ C). $\frac{1}{15}$ D). $\frac{2}{15}$

Correct Answer: C

**Q.46** एक घनाभ की विमाओं का अनुपात 1 : 2 : 3 है। यदि घनाभ के अंतरिक्ष विकर्ण (space diagonal) की लंबाई $\sqrt{56}$ cm है, तो घनाभ का आयतन ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 84 cm³ B). 45 cm³ C). 46 cm³ D). 48 cm³


**Correct Answer: D**

**Q.47** $\sin^2 10° + \sin^2 80° + \tan^2 45° + \sec^2 60° + \sin^2 30°$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). $\frac{25}{3}$ B). $\frac{15}{2}$ C). $\frac{20}{3}$ D). $\frac{25}{4}$

**Correct Answer: D**

**Q.48** निम्न पाई चार्ट किसी संगठन के विभिन्न विभागों में कार्यरत 4800 कर्मचारियों का डिग्री-वार बंटन दर्शाता है तथा पुरुषों और महिलाओं की संख्या का अनुपात 3 : 5 है। HR विभाग में कार्यरत पुरुषों की संख्या कितनी है?




**Ans** A). 194 B). 180 C). 198 D). 196

**Correct Answer: B**

**Q.49** 16 - 5 × 4 + 5 का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 3 B). 0 C). 1 D). -1

**Correct Answer: C**

**Q.50** यदि एक 7 अंकों की संख्या 29009A6, 7 से पूर्णतः विभाज्य है, तो A का न्यूनतम मान क्या है?

**Ans** A). 9 B). 2 C). 1 D). 5

**Correct Answer: B**

**Q.51** यह प्रश्न नीचे दी गई पांच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 614 823 579 302 486 (दाएं)
(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)

कितनी संख्याओं में दूसरा अंक, पहले अंक से बड़ा है?

**Ans** A). किसी में भी नहीं B). तीन C). दो D). एक

**Correct Answer: C**

**Q.52** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से GKUB का संबंध LPZG से है। उसी प्रकार, LIHM का संबंध QNMR से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, AJSU का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

**Ans** A). FOXZ B). EOYZ C). FPYY D). EPXY

**Correct Answer: A**

**Q.53** यदि + का अर्थ – है, – का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है, और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

13 − 16 ÷ 22 + 87 × 3 = ?

**Ans** A). 219 B). 246 C). 233 D). 201

**Correct Answer: D**

**Q.54** एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A × B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है' और
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'।

यदि 'S – T + U ÷ V × N' है, तो S का N से क्या संबंध है?

Ans A). पुत्री का पति B). पति का भाई C). बहन का पति D). माता का भाई

Correct Answer: B

**Q.55** निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : FEI :: POS : %

Ans A). # = EDH , % = QPT B). # = EDG , % = POS C). # = EFJ , % = QPT D). # = EDH , % = QOU

Correct Answer: A

**Q.56** निम्नलिखित अक्षर, संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती बाएँ से दाएँ की जानी है।

(बाएँ) F 5 E @ D L N % 8 B * R Z 6 Q 3 # P N 4 Y 7 & K A (दाएँ)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद में एक अक्षर भी है?

Ans A). चार B). एक C). तीन D). दो

Correct Answer: D

**Q.57** T, R, O, U, B, L और E में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। U और O के बीच केवल तीन व्यक्तियों की परीक्षा है। O की परीक्षा सप्ताह के अंतिम दिन है। B और R के बीच केवल एक व्यक्ति की परीक्षा है। T की परीक्षा E से ठीक एक दिन पहले है। L की परीक्षा शुक्रवार को नहीं है। L और T के बीच कितने व्यक्तियों की परीक्षा है?

Ans A). तीन B). चार C). एक D). दो

Correct Answer: A

**Q.58** H, I, J, K, L और M एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। K, J के ठीक दाहिनी ओर पड़ोस में बैठा है। I के बाईं ओर से गिनने पर I और M के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। L, H के ठीक दाहिनी ओर पड़ोस में बैठा है। H, I का निकटतम पड़ोसी नहीं है। J के ठीक बाईं ओर पड़ोस में कौन बैठा है?

Ans A). I B). L C). M D). H

Correct Answer: A

**Q.59** निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ लागू करके दूसरी संख्या प्राप्त की गई है। उस संख्या-युग्म का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित युग्मों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए – 13 पर संक्रियाएँ, जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)
6 - 21
8 - 27

Ans A). 12 - 61 B). 13 - 24 C). 9 - 30 D). 7 - 22

Correct Answer: C

**Q.60** निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : BEB :: TWT : %

Ans A). # = FKH , % = PSP B). # = FIF , % = PSP C). # = FIF , % = PRQ D). # = FIE , % = ORO

Correct Answer: B

**Q.61** किशन बिंदु A से शुरू करके उत्तर की ओर 34 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है, 44 km ड्राइव करता है, फिर दाएँ मुड़ता है, 46 km ड्राइव करता है। इसके बाद वह दाएँ मुड़ता है, 51 km ड्राइव करता है। अंत में वह दाएँ मुड़ता है, तथा 12 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक अन्यथा निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं।)

Ans A). 7 km, पूर्व की ओर B). 6 km, पश्चिम की ओर C). 4 km, पूर्व की ओर D). 9 km, पूर्व की ओर

Correct Answer: A

Q.62 यदि संख्या 6342718 में प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए और प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो बाएं से दूसरे और दाएं से दूसरे अंकों का योग क्या होगा?

Ans A). 6 B). 7 C). 4 D). 5

Correct Answer: A

Q.63 यदि शब्द DANGEROUS के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans A). तीन B). दो C). एक भी नहीं D). एक

Correct Answer: D

Q.64 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). TX−UY B). VZ−WA C). SW−TX D). EI−EL

Correct Answer: D

Q.65 यदि 'A' का अर्थ '+' है, 'B' का अर्थ '−' है, 'C' का अर्थ '×' है तथा 'D' का अर्थ '÷' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

72 D 8 B 4 C 5 A 15 = ?

Ans A). 10 B). 4 C). 12 D). 8

Correct Answer: B

Q.66 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
RQY OSX LUW IWV ?

Ans A). FYU B). EXU C). DYV D). EXV

Correct Answer: A

Q.67 सात बॉक्स B, F, G, H, R, T और Y एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में रखे गए हों। F को Y के ठीक ऊपर रखा गया है। B को G के ठीक ऊपर रखा गया है। केवल R को H के ऊपर रखा गया है। F के ऊपर केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। B को नीचे से तीसरे स्थान पर नहीं रखा गया है। H के नीचे कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans A). 2 B). 3 C). 5 D). 4

Correct Answer: C

Q.68 सात बॉक्स, G, H, I, J, O, K और L एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं है कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। केवल O को L के ऊपर रखा गया है। L और G के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। केवल I को J के नीचे रखा गया है। K को G के ठीक ऊपर नहीं रखा गया है। H और I के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans A). दो B). एक C). तीन D). चार

Correct Answer: A

Q.69 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 144 का संबंध 12 से है। इसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 225 का संबंध 15 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए 169 का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करना अनुमत नहीं है।)

Ans A). 15 B). 13 C). 14 D). 12

Correct Answer: B

Q.70 एक निश्चित कूट भाषा में,
A # B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
A % B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A − B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
A @ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'S # M − H % Y @ U' है, तो S का U से क्या संबंध है?

Ans A). पिता का भाई B). पिता का पिता C). पिता के भाई का पुत्र D). भाई का पुत्र

Correct Answer: C

Q.71 दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

715 747 763 795 811 843 ?

Ans A). 866 B). 853 C). 859 D). 861

Correct Answer: C

Q.72 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद दो कथन दिए गए हैं, जिन्हें (I) और (II) के रूप में क्रमांकित किया गया है। आपको यह ज्ञात करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों का अध्ययन कीजिए और उचित उत्तर का चयन कीजिए।
5 खंभों D, R, C, Z और Y में से प्रत्येक की ऊँचाई भिन्न है, सबसे ऊँचा खंभा कौन-सा है?
(I) D केवल दो खंभों से ऊँचा है। R, Y से ठीक ऊँचा है।
(II) Z, Y से ऊँचा है।

Ans A). केवल कथन (II) पर्याप्त है, लेकिन केवल कथन (I) पर्याप्त नहीं है।
B). कथन (I) और (II) दोनों एक साथ भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं, और न ही इनमें से कोई एक अकेला पर्याप्त है।
C). कथन (I) और (II) दोनों एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं। D). केवल कथन (I) पर्याप्त है, लेकिन केवल कथन (II) पर्याप्त नहीं है।
Correct Answer: B

Q.73 यह प्रश्न नीचे दी गई छह, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 284 286 297 213 246 273 (दाएं)
(उदाहरण: 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
नोट: सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।

यदि सबसे बड़ी संख्या के तीसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक में जोड़ा जाए, तो परिणाम क्या होगा?

Ans A). 13 B). 10 C). 9 D). 8
Correct Answer: B

Q.74 दी गई संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।

(बाएं) 9 $ 2 # 8 & 3 @ 1 % 6 * 7 (दाएं)

यदि सभी संख्याएं हटा दी जाएं, तो निम्नलिखित में से कौन-सा बाएं से चौथा होगा?

Ans A). & B). $ C). @ D). #
Correct Answer: C

Q.75 अपर्णा ने होटल से चलना शुरू किया और पश्चिम दिशा में 4 m चली। फिर वह दाईं ओर मुड़कर 6 m चली और उसके बाद बाईं ओर मुड़कर 10 m चली। अंत में वह फिर बाईं ओर मुड़कर 6 m चली और अपने घर पहुँच गई। उसके घर और होटल के बीच की न्यूनतम दूरी क्या है?

Ans A). 12 m B). 14 m C). 18 m D). 20 m
Correct Answer: B

Q.76 शब्द CONNECT के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने नए अक्षर-समूह में दाईं ओर से चौथा अक्षर निम्नलिखित में से कौन-सा होगा?

Ans A). N B). O C). L D). M
Correct Answer: D

Q.77 अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

Ans A). JHE B). PNK C). HFC D). LJK
Correct Answer: D

Q.78 छह मित्र, C, D, E, O, P और Q, एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
P के ठीक बाएं पड़ोस में D बैठा है। Q के ठीक बाएं पड़ोस में C बैठा है। P के बाएं तीसरे स्थान पर O बैठा है।
E के दाएं तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans A). Q B). C C). O D). P
Correct Answer: B

Q.79 दी गई संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) 3 6 6 7 8 4 3 1 2 3 2 1 4 4 6 7 4 4 3 5 6 5 3 4 3 8 4 (दाएं)

ऐसी कितनी विषम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या और ठीक बाद एक सम संख्या है?

Ans A). 5 B). 2 C). 3 D). 4
Correct Answer: C

**Q.80** **दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो, यह तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।**

**कथन:**
**कुछ गुलाबी, नीले हैं।**
**सभी नीले, आकाश हैं।**

**निष्कर्ष:**
**(I) कुछ आकाश, नीले हैं।**
**(II) कुछ आकाश, गुलाबी हैं।**

**Ans** A). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है B). निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं C). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है D). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

**Correct Answer: B**

**Q.81** **मई 2026 में किस संगठन द्वारा भारत के सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट सिस्टम का देशव्यापी परीक्षण किया गया था?**

**Ans** A). राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण B). भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन C). प्रगत संगणन विकास केंद्र D). रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन

**Correct Answer: A**

**Q.82** **2026 में निम्नलिखित में से किस अभयारण्य को संरक्षित रामसर स्थल के रूप में नामित किया गया है?**

**Ans** A). कोरिंगा वन्यजीव अभयारण्य B). बरैला पक्षी अभयारण्य C). पटना पक्षी अभयारण्य D). विक्रमशिला गंगा डॉल्फिन अभयारण्य

**Correct Answer: C**

**Q.83** **फरवरी 2026 में जारी 'भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक (CPI) 2025' में भारत की रैंक क्या थी?**

**Ans** A). 91 B). 80 C). 75 D). 101

**Correct Answer: A**

**Q.84** **भारत ने 8 मई 2026 को निम्नलिखित में से किस स्थान से मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेड री-एंट्री व्हीकल (MIRV) सिस्टम से लैस एक उन्नत अग्नि मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया?**

**Ans** A). डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम द्वीप, ओडिशा B). बालासोर मिसाइल परीक्षण सुविधा-केंद्र, पश्चिम बंगाल C). श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र, आंध्र प्रदेश D). पोखरण परीक्षण रेंज, राजस्थान

**Correct Answer: A**

**Q.85** **भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा 2026 में जारी भुगतान प्रणाली रिपोर्ट (Payments System Report) के अनुसार, भारत में किस भुगतान प्रणाली का लेन-देन की मात्रा में सर्वाधिक हिस्सा था?**

**Ans** A). नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड्स ट्रांसफर (National Electronic Funds Transfer - NEFT)
B). यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (Unified Payments Interface - UPI) C). इमीडिएट पेमेंट सर्विस (Immediate Payment Service - IMPS)
D). रियल-टाइम ग्रॉस सेटलमेंट (Real-Time Gross Settlement - RTGS)

**Correct Answer: B**

**Q.86** **एशियाई मुक्केबाजी U-15 चैम्पियनशिप, 2026 में भारतीय U-15 बालिका टीम ने कितने स्वर्ण पदक जीते थे?**

**Ans** A). 5 B). 12 C). 7 D). 4

**Correct Answer: C**

**Q.87** **2026 बेयरबो एशिया चैंपियनशिप (Barebow Asia Championship) में, किस देश की पुरुष बेयरबो टीम ने 1864 अंकों के स्कोर के साथ एक नया तीरंदाजी विश्व रिकॉर्ड बनाया?**

**Ans** A). जापान B). मलेशिया C). दक्षिण कोरिया D). संयुक्त राज्य अमेरिका

**Correct Answer: B**

**Q.88** **जनवरी 2026 में, निम्नलिखित में से किस संगठन ने 'द ग्लोबल रिस्क रिपोर्ट 2026 (The Global Risks Report 2026)' प्रकाशित की?**

**Ans** A). संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन B). विश्व स्वास्थ्य संगठन C). अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष D). विश्व आर्थिक मंच

**Correct Answer: D**

**Q.89** **निम्नलिखित में से किस मंत्रालय ने अखिल भारतीय आयुर्वेद कांग्रेस के सहयोग से महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले के शेगांव में चार दिवसीय राष्ट्रीय आरोग्य मेला 2026 का आयोजन किया?**

**Ans** A). शिक्षा मंत्रालय B). ग्रामीण विकास मंत्रालय C). जनजातीय कार्य मंत्रालय D). आयुष मंत्रालय

**Correct Answer: D**

**Q.90 मई 2026 में, झारखंड के रांची में फेडरेशन कप के पुरुषों के 100-m फाइनल में सबसे तेज भारतीय स्प्रिंटर बनकर किसने इतिहास रचा?**

Ans A). गुरिंदरवीर सिंह B). मणिकांत होबलीधर C). अनिमेष कुजूर D). अमलान बोरगोहेन

Correct Answer: A

**Q.91 2025-26 के दौरान भारत के ई-अपशिष्ट (E-Waste) प्रबंधन ढांचे में किस सिद्धांत पर बल दिया गया था?**

Ans A). देश भर में शहरी औद्योगिक समूहों के भीतर घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण का पूर्ण निषेध

B). सरकारी शैक्षणिक संस्थानों और कार्यालयों से डिजिटल संचार उपकरणों का विलोपन

C). इलेक्ट्रॉनिक जंक के पर्यावरण-अनुकूल संग्रहण और पुनर्चक्रण के लिए विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व

D). सभी परित्यक्त इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों का विदेशों में स्थित संकटमयी अपशिष्ट प्रसंस्करण सुविधाओं में अनिवार्य निर्यात

Correct Answer: C

**Q.92 फरवरी 2026 तक की स्थिति के अनुसार, महिला क्रिकेट में निम्नलिखित में से किस खिलाड़ी ने सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने का रिकॉर्ड बनाया?**

Ans A). झूलन गोस्वामी B). स्मृति मंधाना C). मिताली राज D). हरमनप्रीत कौर

Correct Answer: D

**Q.93 अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने किस विशिष्ट परिचालन विजन के अंतर्गत 14 मई, 2026 को अल्पसंख्यक कल्याण पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया?**

Ans A). भागीदारी से भाग्योदय B). समावेशी और सक्षम समाज C). विकसित और सुरक्षित भारत D). सबका साथ, सबका विकास

Correct Answer: A

**Q.94 कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण द्वारा अप्रैल 2026 में की गई घोषणा के अनुसार, बासमती की खेती और जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण केंद्र कहाँ स्थापित किया जाएगा?**

Ans A). उत्तर प्रदेश B). हिमाचल प्रदेश C). आंध्र प्रदेश D). मध्य प्रदेश

Correct Answer: A

**Q.95 केंद्रीय बजट 2026–27 के अंतर्गत, भारत सरकार ने भारत को वैश्विक बायोफार्मा विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से किस स्कीम को लॉन्च करने का प्रस्ताव रखा?**

Ans A). बायोफार्मा SHAKTI B). फार्मा विजन 2047 C). बायोनेक्स इंडिया मिशन D). नेशनल बायोसाइंस एक्सेलेरेशन प्रोग्राम

Correct Answer: A

**Q.96 मई 2026 में, भारत सरकार ने जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह प्राधिकरण (JNPA) के स्थापना दिवस समारोह के किस संस्करण के दौरान लॉजिस्टिक्स पोर्ट परफॉर्मेंस इंडेक्स (LPPI) लॉन्च किया?**

Ans A). 67वें B). 37वें C). 47वें D). 57वें

Correct Answer: B

**Q.97 2026 में भारत सरकार द्वारा शुरू की गई बायो-AI पहल का मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में प्रगति को तेज़ करना है?**

Ans A). एल्गोरिद्मिक संसाधन अनुकूलन द्वारा जीवाश्म ईंधन आधारित औद्योगिक प्रौद्योगिकियों का संवर्धन

B). पूरी तरह से स्वायत्त औद्योगिक उत्पादन प्रणालियों के साथ फार्मास्युटिकल अनुसंधान का प्रतिस्थापन

C). डेटा-संचालित अनुसंधान उपकरणों का उपयोग करके उन्नत जैविक उत्पादों और विनिर्माण प्रक्रियाओं का विकास

D). स्वचालित भूवैज्ञानिक सर्वेक्षणों द्वारा पारंपरिक खनिज अन्वेषण गतिविधियों का विस्तार

Correct Answer: C

**Q.98 2025 में DRDO के नेतृत्व में अगली पीढ़ी के इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर इनोवेशन को किस प्लेटफॉर्म पर प्रदर्शित किया गया?**

Ans A). उभरता विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सम्मेलन 2025 B). वैश्विक विज्ञान और नवाचार शिखर सम्मेलन 2025

C). राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर सम्मेलन 2025 D). रक्षा प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी 2025

Correct Answer: A

**Q.99 निम्नलिखित में से कौन-सा/सी राजनीतिक व्यक्तित्व, 2026 में पहली बार मुख्यमंत्री बना/बनी, जो एक नवनिर्मित क्षेत्रीय पार्टी के उदय से जुड़ी एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटना थी?**

Ans A). शुभेंदु अधिकारी B). जोसेफ विजय C). सम्राट चौधरी D). रेखा गुप्ता

Correct Answer: B

**Q.100 पुस्तक 'ऑन अर्थ एज इट इज बिनीथ (On Earth as It Is Beneath)' के/की लेखक/लेखिका कौन हैं?**

Ans A). ओल्गा तोकार्चुक (Olga Tokarczuk) B). फर्नांडा टोरेस (Fernanda Trías) C). एना पाउला माया (Ana Paula Maia)

D). वेलेरिया लुइसेली (Valeria Luiselli)

Correct Answer: C

"